कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 20-06-2024

विषयः- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल के निर्देशन में सुगम यातायात के दृष्टिगत सड़कों व चौराहों पर अभियान चलाकर हटाया गया अतिक्रमण।

- **अतिक्रमण से होने वाली जाम की समस्या के दृष्टिगत चलाया गया अभियान**
- **अतिक्रमण मुक्त कराये गये स्थानों पर सतत निगरानी हेतु लगाई जायेगी पिकेट ड्यूटी, ली जायेगी प्रतिदिन की फोटोग्राफ**
- **दोबारा अतिक्रमण करने पर सम्बन्धित के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कर की जायेगी विधिक कार्यवाही, सामान भी किये जायेंगे जब्त**
- **व्यापारियों से उनके प्रतिष्ठान का सामान दुकान की परिधि में रखने व वाहनों को सड़क पर न पार्क करने की अपील की गई।**

आज दिनांक 20.06.2024 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल के निर्देशन में सुगम यातायात के दृष्टिगत वाराणसी कमिश्नरेट क्षेत्र में फुटपाथ, सड़कों व चौराहों पर हुए अतिक्रमण के विरूद्ध सहायक पुलिस आयुक्त एवं थाना प्रभारीगण के नेतृत्व में एक व्यापक अभियान चलाकर कमिश्नरेट वाराणसी के सभी थाना क्षेत्रों में अतिक्रमण हटवाये गये।

इस क्रम में शहर क्षेत्र के कबीरचौरा, मैदागिन, कालभैरव, कस्बा रामनगर, नीचीबाग, बांसफाटक, लहुराबीर, जय सिंह चौराहा, अलईपुर, गोदौलिया चौराहा, गोदौलिया दशाश्वमेध घाट मार्ग, रामापुरा, दुर्गाकुण्ड क्षेत्र, नदेसर, बीएलडब्लू मेन गेट से भिखारीपुर चौराहे तक, सुन्दरपुर, मालवीय चौराहा, चांदमारी बाईपास, पाण्डेयपुर चौराहा, सोनातालाब के साथ-2 ग्रामीण क्षेत्रों के चौबेपुर चौराहा, गांधी तिराहा, पिण्डरा बाजार, कस्बा सिन्धौरा, बाबतपुर से हरहुआ, कपसेठी चौराहा, कछवां रोड आदि स्थानों पर अभियान के तहत अतिक्रमण हटाये गये।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।

अतिक्रमण हटाने से पूर्व	अतिक्रमण हटाने के बाद
कछवां रोड चौराहा	
मच्छोदरी आदमपुर	
लहुराबीर चौराहा	
	

नदेसर

बाबतपुर चौराहा

बीएलडब्लू-भिखारीपुर रोड